# टी-२ से सहार रोड आर-पार हुई तापी-१ टीबीएम

**सामना संवाददाता / मुंबई**

मुंबई मेट्रो-३ की एक और अंडर ग्राउंड टीबीएम आर-पार हुई। यह टीबीएम पैकेज-६ की है। टीबीएम मशीन छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट टी-२ से सहार रोड से बाहर निकली। ६९२ मीटर का यह अंडर ग्राउंड टनल १६० दिनों में मुंबई के भुगर्भ से बाहर निकला है। इस काम में लगभग १५० इंजीनियर और मजदूर लगे थे।

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अनुसार तापी-१ टीबीएम मशीन १३ दिसंबर २०१८ को टी-२ एयरपोर्ट से सहार रोड टनल की खुदाई के लिए शुरू हुई थी। ८९ मीटर लंबाईवाली तापी-१ इस टराटेक कंपनी की टीबीएम से रोजाना ८.३१ मीटर टनल की खुदाई होती थी। ब्रेशिया और वेसाल्ट जैसे चट्टान को भेदते हुए तापी-१ ने ४९५ आरसीसी सीमेंट रिंग का उपयोग करते हुए टनल का काम पूरा किया है। मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन के कुल ४२ किमी टनल में से २० किमी से अधिक टनल की खुदाई हो चुकी है।